# ये तेरी कृपा है बाबा | By Sushil Gautam |

ये तेरी कृपा है बाबा
मैं क्या था और क्या हो गया
मुझे मिली नौकरी तेरी
मैं किस्मत वाला हो गया

कुछ लोग तो अपनी दौलत
और शोहरत पर इठराते हैं
हमलोग नसीबों वाले
तेरे दर के नौकर कहलाते हैं

मुझे मिली तेरी दरबारी
मैं क्या था और क्या हो गया

तेरी रहमत की बारिश में
मेरे जीवन का गुलशन महका
तूने पकड़ा हाथ मेरा तो
मेरे सपनों का पंछी चहका

तूने जबसे है अपनाया
मैं क्या था और क्या हो गया

दुनिया में जिसका जलवा
वो श्याम बड़ा मशहूर है
इस दर पे जो भी आए
कभी होता नहीं मजबूर है

मुझे मिली तेरी दरबारी
मैं क्या था और क्या हो गया
तूने जबसे है अपनाया
मैं क्या था और क्या हो गया

ये तेरी कृपा है बाबा
मैं क्या था और क्या हो गया

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%af%e0%a5%87-%e0%a4%a4%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%80-%e0%a4%95%e0%a5%83%e0%a4%aa%e0%a4%be-%e0%a4%b9%e0%a5%88-%e0%a4%ac%e0%a4%be%e0%a4%ac%e0%a4%be-by-sushil-gautam/